/

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/13685/2015/ 1333 भोपाल, दिनांक 06-04-21

प्रति,

श्री ब्रिजेन्द्र स्वरूप
सहायक वन महानिरीक्षक (एफ.सी.)
भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज,
जोरबाग रोड, नई दिल्ली–110003

विषयः–**Diversion of 467.809 hectares of forest land/revenue foret land (443.00 ha.forest land + 24.809 ha. Reneue forest land = 467.809 ha forest land) for Opencast Coal Mining in favour of M/s. Northern Coalfields Limited Rewa in singrauli District State of Madhya Pradesh- regarding.**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक 8-57/2017-FC दिनांक 22 / 02 / 2021

––0––

आपके द्वारा संदर्भित पत्र से चाही गई जानकारी का संबंध आपके अधीनस्थ कार्यालय से हैं। क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा यह जानकारी आपको प्रेषित की जा चुकी है।

इस प्रस्ताव के संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि आवेदक संस्था से नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि रू. 37,56,50,627 ई–पोर्टल के माध्यम से जमा कराई गई है। यह राशि 467.809 हेक्टेयर हेतु रू. 8.03 लाख प्रति हेक्टेयर की दर से गणना कर लगाई गई है।

प्रस्ताव में भाग–2 में वनमण्डलाधिकारी, सिंगरौली द्वारा जो स्थल गुणवत्ता अंकित की है, जिसके अनुसार नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि निम्नानुसार होती है :–

| ईकोक्लास | रकबा हेक्टे. में | घनत्व | दर प्रति हेक्टे. रूपये में | राशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|
| Eco 5 | 256 | 0.4 | 845000 | 21,63,20,000 |
| Eco 5 | 187 | 0.2 | 657000 | 12,28,59,000 |
| Eco 5 | 24.809 (राजस्व वन) | 0.2 | 657000 | 1,62,99,513 |
| | | | **योग–** | **35,54,78,513** |

इस प्रकार वनमण्डलाधिकारी, सिंगरौली द्वारा बताये गये ईकोक्लास के अनुसार आवेदक संस्था से रू. 355478513 की राशि जमा कराई जानी थी।

ईकोक्लास 5 के वन मध्यप्रदेश में नहीं पाये जाते हैं। मध्यप्रदेश का अधिकांश वनक्षेत्र ईकोक्लास 3 में आता है। सिंगरौली वनमण्डल का वन क्षेत्र भी ईकोक्लास 3 में आता है।

प्रस्ताव में आवेदक संस्था से ईकोक्लास 3 में मध्यम घने वन के लिये नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि प्राप्त की गई है, जबकि आवेदित वनक्षेत्र का काफी भाग 0.2 घनत्व का होने के कारण इसकी दरे कम होनी चाहिए।

अतः प्रस्ताव में आवेदक संस्था से नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि आवश्यकता से अधिक जमा कराई गई है।

प्रस्ताव में औपचारिक स्वीकृति जारी करने का अनुरोध है।

06/04/2024

(सुनील अग्रवाल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबन्ध)
मध्यप्रदेश, भोपाल